# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

## विद्वत परिषद की बैठक दिनांक 18.02.2024 का कार्यवृत्त

समयः 02:30 बजे

स्थानः–जुबली हॉल।

उपस्थितिः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो० संजय कुमार चौधरी, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो० राम अवधेश कुमार | – | सदस्य |
| 3. | डा० गुलाम सरवर | – | सदस्य |
| 4. | डा० मुनेश्वर यादव | – | सदस्य |
| 5. | डा० दिलीप कुमार | – | सदस्य |
| 6. | डा० अवधेश कुमार सिंह | – | सदस्य |
| 7. | डा० अनिल कुमार मंडल | – | सदस्य |
| 8. | डा० एम०जी० शलाउद्दिन | – | सदस्य |
| 9. | डा० आरती प्रसाद | – | सदस्य |
| 10. | प्रो० संजय झा | – | सदस्य |
| 11. | डा० आलोक कुमार पाठक | – | सदस्य |
| 12. | प्रो० प्रेम मोहन मिश्रा | – | सदस्य |
| 13. | डा० विनय नाथ झा | – | सदस्य |
| 14. | डा० उमेश कुमार | – | सदस्य |
| 15. | डा० अमिर अली खान | – | सदस्य |
| 16. | प्रो० नौशद आलम | – | सदस्य |
| 17. | डा० शम्भुनाथ ठाकुर | – | सदस्य |
| 18. | डा० मो० शहिद हसन | – | सदस्य |
| 19. | डा० गुणानन्द चाधरी | – | सदस्य |
| 20. | डा० धनश्याम महतो | – | सदस्य |
| 21. | डा० राजुकुमार | – | सदस्य |
| 22. | डा० विजय कुमार | – | सदस्य |
| 23. | प्रो० मुश्ताक अहमद | – | सदस्य |
| 24. | प्रो० डी०पी० गुप्ता | – | सदस्य |
| 25. | डा० एल०पी० जसवाल | – | सदस्य |
| 26. | प्रो० ध्रुव कुमार | – | सदस्य |
| 27. | डा० मुकेश कुमार | – | सदस्य |
| 28. | डा० अयाज अहमद | – | सदस्य |
| 29. | प्रो० जफर अहमद | – | सदस्य |
| 30. | डा० ए०के० झा | – | सदस्य |
| 31. | प्रो० प्रभास चन्द्र मिश्रा | – | सदस्य |
| 32. | डॉ० सबीता कुमारी | – | सदस्य |
| 33. | प्रो० ए० के० बच्चन | – | सदस्य |
| 34. | डा० ए० के० मिश्रा | – | सदस्य |
| 35. | प्रो० बिमल कुमार | – | सदस्य |
| 36. | डॉ० धर्मेन्द नारायण निराला | – | सदस्य |



Scanned with OKEN Scanner

37. डॉ0 प्रवीन कुमार प्रभन्जन — सदस्य
38. डॉ0 पुष्पम नारायण — सदस्य
39. डॉ0 रविन्द्र कुमार चौधरी — सदस्य
40. प्रो0 अजय नाथ झा — सदस्य
41. डॉ0 मंजु राय — सदस्य
42. डॉ0 तौसिफ फजल — सदस्य
43. प्रो0 रूपकला सिन्हा — सदस्य
44. डॉ0 एम0 ए0 खान — सदस्य
45. डॉ0 ए0 के0 झा — सदस्य
46. डॉ0 डी0 आर0 मजदा — सदस्य
47. डॉ0 दिलीप कुमार — आमंत्रित सदस्य
48. डा0 अजय कुमार पंडित — सचिव

बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। कुलसचिव–सह–सचिव सभी आगत सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए आज की बैठक में अध्यक्ष महोदय का परिचय सदस्यों से कराते हुए माननीय सदस्यों से व्यक्तिगत परिचय दिये जाने का अनुरोध किया। सदस्यों के परिचय दिये जाने के पश्चात् अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कुलसचिव द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

मद सं01. विद्वत परिषद् की गत बैठक दिनांक 29.05.2023 के कार्यवृत की सम्पुष्टि पर विचार ।

**निर्णयः सर्वसम्मति से विद्वत परिषद् की गत बैठक दिनांक 29.05.2023 के कार्यवृत को सम्पुष्ट किया गया।**

मद सं02. विद्वत् परिषद् की गत बैठक दिनांक 29.05.2023 की कार्यवृत के अनुपालन प्रतिवेदन पर विचार।

**निर्णयः सदस्यों द्वारा विद्वत् परिषद् की गत बैठक दिनांक 29.05.2023 की कार्यवृत के अनुपालन प्रतिवेदन पर संतोष व्यक्त किया गया।**

मद सं03. सम्बन्धन एवं नई शिक्षण कार्य क्रम समिति की बैठक दिनांक 06.02.2024 एवं 17.02.2024 के कार्यवृत के अनुमोदन पर विचार।

**निर्णयः बैठक में सम्बन्धन एवं नई शिक्षण कार्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 06.02.2024 एवं 17.02.2024 के कार्यवृत का वाचन किया गया। सदस्यों द्वारा दिनांक 06.02.2024 एवं 17.02.2024 के बैठक के पारित निर्णयों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।**

मद सं04. ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के हिन्दी विभाग में नागार्जुन चेयर स्थापित करने के संबंध में विचार।

**निर्णयः सर्वसम्मति से, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग में नागार्जुन चेयर स्थापित करने का निर्णय लिया गया तथा चेयर स्थापना से संबंधित अग्रेत्तर कार्य हिन्दी विभागाध्यक्ष द्वारा किया जायेगा एवं सभी आवश्यक निर्णय लिये जाने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।**

मद सं05. बिहार सपूत ललित नारायण मिश्र के नाम चेयर गठन करने पर विचार।



Scanned with OKEN Scanner

निर्णयः सर्वसम्मति से, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग में ललित नारायण मिश्र के नाम पर चेयर स्थापित करने का निर्णय लिया गया तथा चेयर स्थापना से संबंधित अग्रेत्तर कार्य अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष द्वारा किया जायेगा एवं सभी आवश्यक निर्णय लिये जाने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

मद सं06. भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम चेयर गठन करने पर विचार।

निर्णयः सर्वसम्मति से, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर राजनीतिशास्त्र विभाग में जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर चेयर स्थापित करने का निर्णय लिया गया तथा चेयर स्थापना से संबंधित अग्रेत्तर कार्य राजनीतिशास्त्र विभागाध्यक्ष द्वारा किया जायेगा एवं सभी आवश्यक निर्णय लिये जाने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

मद सं07. सी0एम0 कॉलेज, दरभंगा में 6 महीने के सर्टिफिकेट कोर्स हेतु अनुमति प्रदान करने पर विचार।

निर्णयः सर्वसम्मति से, सी0एम0 कॉलेज, दरभंगा में बी0 बी0 ए0 एवं बी0 सी0 ए0 के अंतर्गत प्रस्तावित 6 महीने के सर्टिफिकेट कोर्स के संचालन के लिए अनुमति प्रदान किया गया। अन्य महाविद्यालयों के साथ डॉ ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम महिला प्रौद्यागिकी संस्थान एवं ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर विभागों में भी भोकेशनल एवं सर्टिफिकेट कोर्स के संचालन किये जाने का निर्णय लिया गया एवं सभी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य अंगीभूत/संबंद्ध, निदेशक, स्ववित्त–पोषित संस्थान एवं विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग के विभागाध्यक्षों को अधिकृत किया गया कि वो सर्टिफिकेट कोर्स का संचालन कर सकते है। इस हेतु प्रधानाचार्य/विभागाध्यक्ष/संस्थान प्रमुख विश्वविद्यालय से संचालन हेतु प्रस्ताव का अनुमोदन सी0सी0डी0सी0 के माध्यम से उपस्थापित कर प्राप्त करेंगे।

मद सं08. डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, ल0 ना0 मि0 विश्वविद्यालय, दरभंगा के प्रबंध परिषद् की बैठक दिनांक 01.08.2022 में की गयी अनुशंसाओं एवं विश्वविद्यालय के द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति के अनुमोदित अनुशंसाओं को विद्वत परिषद् के समक्ष विचारार्थ हेतु उपस्थापित।

निर्णयः सर्वसम्मति से, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, ल0 ना0 मि0 विश्वविद्यालय, दरभंगा के प्रबंध परिषद् की बैठक दिनांक 01.08.2022 में की गयी अनुशंसाओं एवं विश्वविद्यालय के द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति के अनुमोदित अनुशंसाओं के आलोक में पाठक्रमों के संचालन की प्रक्रिया प्रारंभ किये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही बी0सी0ए0 एवं एम0सी0ए0 कोर्स प्रारम्भ करने का भी निर्णय लिया गया।

मद सं09. रामधारी सिंह दिनकर के नाम चेयर गठन करने पर विचार।

निर्णयः सर्वसम्मति से, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग में रामधारी सिंह दिनकर के नाम पर चेयर स्थापित करने का निर्णय लिया गया। चेयर स्थापना से संबंधित अग्रेत्तर कार्य हिन्दी विभागाध्यक्ष द्वारा किया



Scanned with OKEN Scanner

जायेगा एवं सभी आवश्यक निर्णय लिये जाने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

मद स०010. योग प्रमाण पत्र/ डिप्लोमा कोर्स के पुनः प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में विचार।

निर्णयः सर्वसम्मति से, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग के अंतर्गत योग प्रमाण पत्र/डिप्लोमा कोर्स के पुनः प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया।

मद सं011. भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर चेयर के गठन करने के संबंध में।

निर्णयः सर्वसम्मति से, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर राजनीतिशास्त्र विभाग में बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर चेयर के नाम पर चेयर स्थापित करने का निर्णय लिया गया तथा चेयर स्थापना से संबंधित अग्रेत्तर कार्य राजनीतिशास्त्र विभागाध्यक्ष द्वारा किया जायेगा एवं सभी आवश्यक निर्णय लिये जाने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

मद सं012. केन्द्रीय पुस्तकालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के संशोधित Manual पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के केन्द्रीय पुस्तकालय के संशोधित Manual को अनुमोदित किया गया। साथ ही M.Lis. कोर्स प्रारम्भ करने का भी निर्णय लिया गया।**

मद सं013. शिक्षकों के प्रोन्नति हेतु विभागाध्यक्षों से प्राप्त विषय–विशेषज्ञों के पैनल के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः **शिक्षकों के प्रोन्नति हेतु विभागाध्यक्षों से प्राप्त विषय–विशेषज्ञों के पैनल के पर विचार किया गया तथा जिन विभागों का पैनल अप्राप्त है, उन्हें अबिलंम्ब पैनल समर्पित करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रोन्नति से संबंधित प्राप्त विषय–विशेषज्ञों के पैनल को अनुमोदित किया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि आवश्यक होने पर कुलपति महोदय विषय–विशेषज्ञों के पैनल में अपने स्तर से विशेषज्ञों का नाम जोड़ सकते हैं ताकि प्रोन्नति की प्रक्रिया बिना बाधा के सम्पन्न हो सके।**

**<u>मद सं14 अतिरिक्त मद।</u>**

अति.मद सं01. संकायाध्यक्षों के दिनांक 05.02.2024 की बैठक में Value added Course (VAC) and Skill Enhancement Course (SEC) in 2nd Semester 4 Year undergraduate programme CBCS system के संबंध में लिए गये निर्णय को विद्वत परिषद् में अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से, संकायाध्यक्षों के दिनांक 05.02.2024 की बैठक में Value added Course (VAC) and Skill Enhancement Course (SEC) in 2nd Semester 4 Year undergraduate programme CBCS system के संबंध में लिए गये निर्णय को विद्वत परिषद् द्वारा अनुमोदित किया गया। साथ ही संबंधित कोर्स संचालन हेतु एक समिति गठन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें निम्न सदस्य नामित किए गये–**

1. प्रो0 ए0 के0 वच्चन – अध्यक्ष



Scanned with OKEN Scanner

2. प्रो0 मुश्ताक अहमद — सदस्य
3. महाविद्यालय निरीक्षक (कला एवं वाणिज्य)/(विज्ञान) — सचिव

अन्यान्य मद सं01. महाकवि विद्यापति के नाम चेयर गठन करने पर विचार।

निर्णयः सर्वसम्मति से, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर मैथिली विभाग में महा कवि विद्यापति के नाम पर चेयर स्थापित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर संगीत विभाग को समन्व के लिए नामित किया गया तथा चेयर स्थापना से सम्बनधित अग्रेत्तर कार्य मैथिली विभागाध्यक्ष द्वारा किया जायेगा एवं सभी आवश्यक निर्णय लिये जाने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

अन्यान्य मद सं02. डॉ0 पुष्पम नारायण द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव कि मिथिला लोककला में पढ़ाई प्रारंभ करने पर विचार किया जाय।

निर्णयः सर्वसम्मति से, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर संगीत विभाग में मिथिला लोक कला में पढ़ाई प्रारंभ करने हेतु पूर्व से अनुमोदित प्रस्ताव के अनुरूप संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई।

अन्यान्य मद सं0 3. ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के खेल विभाग के अंतर्गत खेल शिक्षा निदेशालय (Directroate of Sports Education) की स्थापना किये जाने पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के खेल विभाग के अंतर्गत खेल शिक्षा निदेशालय (Directroate of Sports Education) की स्थापना किये जाने पर सहमति प्रदान की गई एवं Bachelor in Physical Education & Sports (B.P.E.S.) को अनुमोदित किया गया।**

अन्यान्य मद सं04. ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के अंतर्गत मदन मोहन मालवीय शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना किये जाने पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के अंतर्गत निदेशालय मदन मोहन मालवीय शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना किये जाने पर सहमति प्रदान की गई।**

अन्यान्य मद सं05. डॉ0 पुष्पम नारायण द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव कि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के अंतर्गत शैक्षिक संभाग (Academic Wings) की स्थापना किये जाने पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के अंतर्गत शैक्षिक संभाग (Academic Wings) की स्थापना किये जाने पर सहमति प्रदान की गई तथा इसके स्थापना एवं संचालन से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं के निर्धारण के लिए एक समिति गठन करने का निर्णय लिया गया जिसमें निम्न सदस्य नामित किए गये–**

1. वरीय संकायाध्यक्ष — संयोजक
2. सभी संकायाध्यक्ष — सदस्य



Scanned with OKEN Scanner

3. प्रो० मुश्ताक अहमद — सदस्य
4. सम्बद्ध महाविद्यालयों के दो शिक्षक — सदस्य
5. सी० सी० डी० सी० — सचिव

अन्यान्य मद सं06. Mithila Minority Dental College, Darbhanga में Ph.D. Fellowship संचालन हेतु विद्वत परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः पूर्व में ही Ph.D. Fellowship का अनुमोदन Mithila Minority Dental College, Darbhanga को विश्वविद्यालय से प्राप्त है।

अन्यान्य मद सं07. विद्वत् परिषद् द्वारा स्थापित Academic Wing के संचालन हेतु विद्वत् परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः विद्वत् परिषद् द्वारा Academic Wing का स्थापना किया गया है जो विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के सारे Academic कार्य को देखेगी और इसके लिए एक समिति गठन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें निम्न सदस्य नामित किए गयेः—

1. वरीय संकायाध्यक्ष — संयोजक
2. सभी संकायाध्यक्ष — सदस्य
3. प्रो० मुश्ताक अहमद — सदस्य
4. महाविद्यालय निरीक्षक (कला एवं वाणिज्य)/(विज्ञान) — सचिव

समिति Academic Activities का प्रस्ताव, बजट एवं इस से अन्य सभी संबंधित कार्य को देखेंगें।

बैठक के अंत में माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि आगे की बैठकों में अनुमोदन प्राप्त पूर्व निर्धारित कार्य सूची पर ही विचार की जायेगी। कुलसचिव द्वारा सदस्यों की उपस्थिति एवं महत्वपूर्ण सुझाव के साथ—साथ सक्रिय भागीदारी एवं सहयोग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा सदस्यों के अनुरोध पर माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को संबोधित किया गया तद्उपरान्त, सामूहिक राष्ट्रगान के पश्चात अध्यक्ष की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

| | |
|---|---|
| ह0/— | ह0/— |
| डॉ0 अजय कुमार पंडित | प्रो0 संजय कुमार चौधरी |
| कुलसचिव—सह—सचिव | कुलपति—सह—अध्यक्ष |

ज्ञापांकः— UB-728/24 दिनाकः— 18/02/2024

प्रतिलिपि प्रेषितः—

1. विद्वत परिषद के सभी माननीय सदस्य, ल0ना0मि0वि0 दरभंगा।
2. विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, ल0ना0मि0वि0 दरभंगा।
3. नोडल पदाधिकारी (विश्वविद्यालय वेबसाईट), ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
4. कुलपति के सचिव/प्रतिकुलपति के निजी सहायक/कुलसचिव के निजी सहायक, ल0ना0मि0वि0 दरभंगा को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यार्थ।

Ajp 18/02/2024
कुलसचिव



Scanned with OKEN Scanner